कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद फतेहपुर

प्रेस- नोट, जनपद फतेहपुर

दिनांक 03.11.2026

थाना कोतवाली पुलिस द्वारा फर्जी धर्मकांटा पर्चियां एवं गेट पास तैयार कर लगभग 50 टन गेहूँ (कीमत करीब 13 लाख रुपये) का गबन करने के अभियोग में वांछित 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।

घटना का संक्षिप्त विवरण:- वादी अमित कुमार अग्रवाल, मैनेजर कुशाग्र चावल उद्योग, रायबरेली द्वारा थाना कोतवाली पर तहरीरी सूचना दी गई कि अभियुक्तगण 1. मोहम्मद याशिब, स्वामी न्यू लकी धर्म कांटा, भिटौरा बाईपास, फतेहपुर एवं 2. राघवेंद्र मिश्रा, जो वादी की फर्म में कर्मचारी था, द्वारा आपस में षड्यंत्र करके दिनांक 02.05.2026 को बिना वास्तविक वाहनों की तौल किए फर्जी एवं कूटरचित धर्म कांटा पर्चियां तैयार की गईं तथा उनके आधार पर फर्म के नाम से फर्जी SDR/Gate Pass बनाकर लगभग 50,085 किलोग्राम (50 टन) गेहूँ की प्राप्ति अभिलेखों में दर्शाई गई। अभियुक्तगण द्वारा उक्त फर्जी अभिलेखों के माध्यम से लगभग 50 टन गेहूँ, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 13 लाख रुपये है, का गबन कर लिया गया। वादी द्वारा गेहूँ के संबंध में जानकारी प्राप्त करने एवं वापस मांगने पर अभियुक्त मोहम्मद याशिब द्वारा वादी के साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0 0283/2026 धारा 319(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2), 352 एवं 351(2) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तारी का विवरण:- श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक फतेहपुर के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा आज दिनांक 03.11.2026 को उपरोक्त अभियोग की विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान 02 अभियुक्तगण 1. मोहम्मद यासीर उर्फ याशिब पुत्र मो0 मुनीर निवासी खलीलनगर थाना कोतवाली नगर जनपद फतेहपुर, 2. इब्राहिम उर्फ मुन्ना पुत्र स्व0 मून बेग उम्र करीब 26 वर्ष निवासी परशुरामपुर फखरपुर थाना फखरपुर जनपद बहराइच हालपता न्यू लकी धर्मकाटा भिटौरा बाईपास थाना कोतवाली नगर जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता:-

1. मोहम्मद यासीर उर्फ याशिब पुत्र मो0 मुनीर निवासी खलीलनगर थाना कोतवाली नगर जनपद फतेहपुर।

2. इब्राहिम उर्फ मुन्ना पुत्र स्व0 मून बेग उम्र करीब 26 वर्ष निवासी परशुरामपुर फखरपुर थाना फखरपुर जनपद बहराइच हालपता न्यू लकी धर्मकाटा भिटौरा बाईपास थाना कोतवाली नगर जनपद फतेहपुर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-

1. प्र0नि0 हेमन्त कुमार मिश्र, थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर
2. उ0नि0 आदर्श सिंह
3. का0 बबलू

सोशल मीडिया सेल
जनपद फतेहपुर